भोजपुरी गायक अभिषेक सिंह की खड़ी गाड़ी पर फायरिंग

ईंट-पत्थर और गोलियां चलाकर गाड़ी को किया क्षतिग्रस्त, अज्ञात बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम, मौके से पुलिस ने बरामद किया खोखा, अभिषेक सिंह ने भोजपुरी गायक शिव कुमार विक्कू पर लगाया साजिश का आरोप

जहानाबाद। दो भोजपुरी गायक शिव कुमार विक्कू और अभिषेक सिंह के बीच का विवाद हिंसक होता जा रहा है। सुबह भोजपुरी गायक अभिषेक सिंह की खड़ी गाड़ी पर अज्ञात अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस दौरान अपराधियों ने गाड़ी को निशाना बनाते हुए 4 से 5 राउंड फायरिंग की और ईट पत्थरों से गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना नगर थाना क्षेत्र के काली नगर मोहल्ले की है। वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़ित गायक अभिषेक सिंह ने स्थानीय भोजपुरी गायक शिव कुमार विक्कू पर हमले का आरोप लगाया है। दरअसल में सोमवार की सुबह के करीब 4:30 बजे काली नगर स्थित गायक अभिषेक सिंह के घर के बाहर गाली-गलौज और गाड़ियों के शीशे टूटने की तेज आवाजें आने लगीं। बदमाशों ने दरवाजे पर खड़ी काले रंग की स्कॉर्पियो को निशाना बनाते हुए 4 से 5 राउंड गोलियां दाग दीं और जमकर ईट-पत्थर बरसाए। हमले में गाड़ी के सारे शीशे चकनाचूर हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। गनीमत यह रही कि सुबह के वक्त गाड़ी में कोई सवार नहीं था, जिससे जान का नुकसान नहीं हुआ। पीड़ित कलाकार अभिषेक सिंह ने बताया कि सुबह साढ़े चार बजे की घटना है। हम लोग सोए हुए थे, अचानक गाड़ी टूटने-फूटने की आवाज आई तो नींद खुली। बाहर गाली-गलौज हो रही थी और लगातार 4-5 राउंड फायरिंग की गई। हम लोगों ने तुरंत प्रशासन को सूचना दी। पुलिस आई और नीचे गिरे खोखे बरामद कर ले गई है। मेरी गाड़ी को पूरी तरह तोड़ दिया गया है। समाज देख ही रहा है कि हमारे बीच विवाद चल रहा है। 70 प्रतिशत चांस है कि इसमें शिव कुमार विक्कू का ही हाथ है, क्योंकि पहले भी खुले मंच से धमकी दी गई थी कि घर पर चढ़कर पांच राउंड गोली मारेंगे। वह सीनियर कलाकार हैं और हमारी तरक्की उन्हें बर्दाश्त नहीं हो रही है। सोशल मीडिया और स्टेज से परिवार एवं मां-बहन को लेकर गालियां दी जा रही थीं, उसी विवाद का अंजाम आज देखने को मिला है। गायक शिव कुमार विक्कू और अभिषेक सिंह के बीच विवाद की जड़ स्टेज प्रोग्राम और सोशल मीडिया की खींचतान बताई जा रही है। दोनों कलाकार जहानाबाद के ही रहने वाले हैं। अभिषेक सिंह की माने तो सीनियरिटी और पॉपुलैरिटी की होड़ में दोनों पक्षों के बीच यूट्यूब और स्टेज से एक-दूसरे पर निजी टिप्पणियां की जा रही थीं, जो अब खुलेआम फायरिंग तक पहुंच गई हैं। हालांकि गायक शिव कुमार विक्कू ने अपने ऊपर लगे आरोपों को झूठा बताया है और पुलिस से उच्चस्तरीय जांच की माँग की है। इधर सूचना मिलते ही नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना किया। पुलिस ने घटनास्थल से खाली खोखे जब्त किए हैं और मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की तफ्तीश में जुटी है।







खूनी व बादी बवासीर में बेहद असरकारक
अर्शवेदा कैप्सूल
ARSHVEDA Capsule
AN AYURVEDIC MEDICINE FOR PILES
Power of 9 Herbs
सुविचार
जो लोग हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करते हैं, वे अंत में सफलता जरूर पाते हैं।
• 100% आयुर्वेदिक • सुरक्षित • असरदार
Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com
Also available at TATA 1mg amazon Flipkart

शरद पूर्णिमा पर बाबा सिद्धनाथ मंदिर में उमड़ी भीड़

श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

मखदुमपुर। शरद पूर्णिमा और सोमवार का संयोग होने से वाणावर पहाड़ी स्थित बाबा सिद्धनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बिहार के विभिन्न जिलों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा सिद्धनाथ के दरबार में पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया गया। सुबह से शाम तक मंदिर परिसर में भक्तों की आवाजाही बनी रही।

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। बराबर पर्यटन थाना के थानाध्यक्ष फूलचंद कुमार यादव, संजय कुमार सिंह सहित पुलिस बल के जवान मंदिर के समीप तैनात रहे। पुलिसकर्मियों ने श्रद्धालुओं को व्यवस्थित तरीके से जलाभिषेक कराने में सहयोग किया। मंदिर प्रबंधक भानु प्रताप उर्फ गुड्डू सिंह ने बताया कि शरद पूर्णिमा और सोमवार एक साथ पड़ने के कारण श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हुई। सुबह से शाम तक करीब 20 हजार श्रद्धालुओं ने बाबा सिद्धनाथ का जलाभिषेक किया। भक्तों ने बाबा के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

समाहरणालय में सतर्कता जागरुकता सप्ताह आयोजित

डीडीसी ने दिलायी भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन की शपथ

जहानाबाद। जिलाधिकारी छिरिङवाई भूटिया के निर्देशानुसार सोमवार को समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में उप विकास आयुक्त आदित्य कुमार पियूष के नेतृत्व में सतर्कता अभिप्रेरणा सप्ताह के अंतर्गत सत्यनिष्ठा शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने ईमानदारी, पारदर्शिता एवं भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए सत्यनिष्ठा की शपथ ली। मुख्य सचिव, बिहार, पटना के निर्देशानुसार 26 अक्टूबर से 01 नवंबर तक पूरे राज्य में सतर्कता अभिप्रेरणा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा प्रशासनिक कार्यों में सत्यनिष्ठा एवं जवाबदेही को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त के नेतृत्व में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने जीवन के सभी क्षेत्रों में सत्यनिष्ठा एवं कानून के शासन का पालन करने, न रिश्वत लेने और न रिश्वत देने, अपने सभी दायित्वों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ करने तथा व्यक्तिगत आचरण में सत्यनिष्ठा प्रदर्शित कर समाज के समक्ष आदर्श प्रस्तुत करने का संकल्प लिया। साथ ही, भ्रष्टाचार की किसी भी घटना की जानकारी होने पर संबंधित सक्षम एजेंसी को तत्काल सूचित करने की भी प्रतिज्ञा की गई। उप विकास आयुक्त ने प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं जवाबदेही के महत्व पर बल देते हुए सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करने के लिए प्रेरित किया।



डीएम के जनता दरबार में 31 मामलों की हुई सुनवाई

शिकायतों के समाधान में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं : छिरिङ वाई भूटिया, कहा, प्राप्त शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर करें कार्रवाई

जहानाबाद। आमजनों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से सोमवार को जिलाधिकारी छिरिङवाई भूटिया की अध्यक्षता में उप विकास आयुक्त तथा अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 31 आवेदन एवं शिकायतें प्राप्त हुईं।

जिलाधिकारी ने आमजनों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को प्रत्येक आवेदन की समुचित जांच कर नियमानुसार समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में मुख्य रूप से नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पैतृक घर में शौचालय का उपयोग नहीं करने देने, शिक्षा विभाग से संबंधित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, उत्तरपट्टी में विद्यालय भवन निर्माण एवं प्रशिक्षित शिक्षकों को पुनः योगदान कराने, जिला आपूर्ति कार्यालय से संबंधित राशन कार्ड निर्गत करने, अवर निबंधक कार्यालय से संबंधित रैयती भूमि के निबंधन पर लगी रोक हटाने तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी, जहानाबाद सदर से संबंधित प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में नाम जोड़ने के मामले प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त भू-अर्जन कार्यालय से संबंधित राष्ट्रीय राजमार्ग-83 के लिए भू-अर्जन मुआवजा भुगतान, विद्युत आपूर्ति विभाग से संबंधित बिजली बिल माफी एवं विद्युत कनेक्शन बंद कराने, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग से संबंधित चापाकल निर्माण, नियोजन कार्यालय से संबंधित दिव्यांगजनों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा राजस्व शाखा से संबंधित गैरमजरुआ आम भूमि पर स्थित सार्वजनिक रास्ते से अतिक्रमण हटाने एवं दाखिल-खारिज सहित अन्य विषयों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जनता दरबार में प्राप्त प्रत्येक आवेदन की गंभीरतापूर्वक जांच करते हुए उसका तार्किक, नियमानुसार एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए तथा संबंधित विभाग आवेदनों के निष्पादन में संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सबका सम्मान जीवन आसान की भावना के अनुरूप आमजनों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े।



VISHAL PVT. ITI Estd :- 2015 Gaya-Dobhi Road, Gaya
VISHAL PRIVATE ITI BODHGAYA
< A TRUSTED INSTITUTE OF MAGADH >
[ADDRESS :- NEAR INTERNATIONAL AIRPORT KHRANTI Gaya-Dobhi BODHGAYA]
200 METER'S FROM DAV SCHOOL CANTT AREA BODHGAYA
* Registration is going on for New Admission of 2026-2028 Batch . From Monday All 60 Candidate's Have To Come In College Campus And Fill the the Form And Pay The Registration Fee's .
* 12 January Is The Last Date For Form Fill up .
(ADMISSION IS GOING ON FOR ELECTRICIAN BATCH 2027-29)
For any queries please call us on :- 7488765709 , 6200237219 , 9934735170 , 9546478687

डीडीसी ने की स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा

दो लाभुकों को 20 लाख के ऋण स्वीकृति व भुगतान पत्र किया वितरित

जहानाबाद। जिलाधिकारी छिरिङवाई भूटिया के निर्देशानुसार समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त आदित्य कुमार पियूष की अध्यक्षता में उद्योग विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि, जिला संसाधन सेवी एवं जिला उद्योग केंद्र के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त ऋण आवेदनों, स्वीकृति, भुगतान एवं निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त द्वारा स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दो लाभुकों को कुल 20 लाख के ऋण स्वीकृति/भुगतान पत्र वितरित किए गए। पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा मृत्युंजय कुमार को आटा मिल की स्थापना को लेकर 15 लाख तथा पीएमईजीपी योजना के अंतर्गत आईडीबीआई बैंक द्वारा धर्मेंद्र कुमार को फर्नीचर उद्योग की स्थापना को लेकर 5 लाख का ऋण स्वीकृति/भुगतान पत्र प्रदान किया गया।



मुख्य सचिव ने जिला प्रशासन व सूचना एवं जन-संपर्क विभाग के बीच प्रभावी समन्वय को लेकर की बैठक

जहानाबाद। मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला प्रशासन एवं सूचना एवं जन-संपर्क विभाग के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करने को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सचिव, सूचना एवं जन-संपर्क विभाग सहित राज्य के सभी जिलों के जिला पदाधिकारियों ने भाग लिया। जहानाबाद से जिलाधिकारी छिरिङवाई भूटिया बैठक में सम्मिलित हुईं। बैठक के दौरान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकासात्मक कार्यों, नवाचारों एवं विभिन्न विभागों की उपलब्धियों का वास्तविक एवं प्रभावी प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही, कायाकल्प योजनाओं से संबंधित स्पष्ट तस्वीरें, कार्यों की पहले एवं बाद की तस्वीरें, गुणवत्तापूर्ण वीडियो तथा लाभार्थियों की सफलता की कहानियों को नियमित रूप से साझा करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी छिरिङ वाई भूटिया ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने विभागों की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं सकारात्मक कार्यों से संबंधित गुणवत्तापूर्ण प्रचार सामग्री समयबद्ध रूप से जिला सूचना एवं जन-संपर्क कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि जिले में संचालित विकासात्मक गतिविधियों की जानकारी प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुँचाई जा सके।

हाजीपुर में 2080 लीटर जावा महुआ नष्ट

काको, जहानाबाद। स्थानीय थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव में पुलिस ने छापेमारी कर 2080 लीटर जावा महुआ नष्ट कर दिया। इस दौरान चार घरों से 20 लीटर चुलाई शराब और शराब बनाने के उपकरण बरामद किए गए। मामले में संबंधित लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार के निर्देश पर एलटीएफ के सहयोग से की गई छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके पर ही जावा महुआ नष्ट कर दिया और बरामद शराब व उपकरणों को जब्त कर लिया। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

Expert Care for a Healthier Tomorrow
Healwell Hospital
Nurturing Kidneys, Enhancing Lives!
A Unit of Shree Ram Chandra Urology Centre
Kidney Care
Advanced Technology
Urological Treatments
Compassionate Care
Healthy Kidneys Brighter Tomorrows
Expert Urological Care for a Better, Healthier Life.
Dr. Vijay Shankar Prasad Singh (Urologist & Kidney Expert)
MBBS, MS (Gold Medalist), DNB (General Surgery)
FMAS, DrNB (Urology)
● Kidney Stone Treatment ● Prostate Care
● Urinary Tract Infections (UTI) ● Andrology & Male Health
● Laparoscopic Urology
Address : P. K. Complex, Beside Central Bank, Rukanpura, Patna-14
Contact : 7481912333, 9204089636

PAARTH CHILD CARE
Complete Child Care & Vaccination Centre
डॉ. संजीव कुमार सुमन
नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
MBBS, MD (PEDS), Neonatologist, PGPN(BOSTON), MIAP
Senior Consultant
Medibless Hospital & Shivam Hospital, Patna
Ex-Consultant - ESIC Hospital, New Delhi
उपलब्ध सुविधाएं
आधुनिक NICU, PICU, संपूर्ण टीकाकरण, पैथोलॉजी
नेब्युलाइजर, ऑक्सीजन एवं पल्स ऑक्सीमीटर
संपर्क करें यदि बच्चा निम्नलिखित लक्षणों/बीमारियों से पीड़ित है
भूख कम या नही लगना, वजन नही बढ़ना, उल्टी, दस्त, पेट में दर्द, पेट फुलना, निमोनिया, दमा, सर्दी, खाँसी, बुखार, टी बी, दिल में छेद एवं हृदय संबंधी बीमारी, मोटापा, बौनापन, हार्मोन संबंधित बीमारी, पेशाब में जलन, कम या ज्यादा होना, बिस्तर पर पेशाब करना, दिमागी तौर पर कमजोरी, सिर का बड़ा या छोटा होना, नवजात शिशु का समय से पहले होना, कमजोर होना।
शिशु बच्चे एवं किशोर का संपूर्ण टीकाकरण एवं समस्त रोगों का समुचित ईलाज
पता – NC 105, SBI Officers Colony, Opposite Lohia Nagar Mount Carmel School, गायत्री मंदिर रोड, P. C. Colony, कंकड़बाग, पटना -20
9315625007, 9153136802

PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION
RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST
SUKULCHAK, KAROUNA, JEHANABAD – 804417
Purpose Course
MBA ((Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management
शीघ्र आवश्यकता है

Post	Department	Qualification
Principal	Administration	Ph.D with 10 Year Experience
Assistant Professor/ Professor	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject
HOD	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience
Librarian	Library	B.Lib.Sc / M.Lbi.Sc
Lab Instructor/	-	BCA / DCA
Accountant	Administration	M.Com / B.Com
Office Assistant	Administration	Graduate with Computer Knowledge
Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon)	Administration	Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields

■ एक वयक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। ■ अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर मेल करें। अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी ■
Secretary/Chairman - Divya Prakash Contact- 9304697359, 9334074905

Manah
INSTITUTE OF PSYCHIATRY AND BEHAVIOURAL SCIENCES
समझ | सहारा | संबल
मन की बात, हमारे साथ
मानसिक स्वास्थ्य है, तो जीवन है। आइए, मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।
हमारी सेवाएं
मानसिक समस्याएं
• व्यवहार में परिवर्तन • शंका या भ्रम • मिर्गी आना • बिना कारण हँसना, चिड़चिड़ापन
• आत्महत्या की इच्छा • बार बार गुस्सा करना / लड़ाई करना • अकारण घबराहट, बेचैनी • डिप्रेशन / एंजायटी
बच्चों की मानसिक समस्याएं
• पढ़ाई में पिछड़ जाना • मंद बुद्धि • याद नही करना/ याददाश्त में कमी
नशे की समस्या
शराब, अफीम, हेरोइन, गांजा, चरस, नशे की सुई / गोली एवं स्मैक
सर दर्द माइग्रेन
नस रोग संबंधित समस्या
सेक्स संबंधित समस्या
डॉ. अर्चना सिंह
(MBBS, MD Psychitry, DPM-CIP Kanke, Ranchi)
माइग्रेन और सिरदर्द विशेषज्ञ | मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विचार विशेषज्ञ | व्यक्तिगत देखभाल, समझ और सहारा
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
7543976796 | 7759945555
@manah.health | manahcare
पताः HIG X-9, आशियाना नगर, मेन रोड, ऑपोजिट जगत एनक्लेव, पटना - 800025
आपका मानसिक स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता। सही समय पर सही मदद लें।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान को लेकर भाजपा ने की बैठक

जहानाबाद। भारतीय जनता पार्टी की ओर से लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन जिला महामंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी अमरेन्द्र कुमार ने की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान का संदेश जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में अभियान की रूपरेखा और कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा हुई। इसके तहत प्रेस वार्ता, पदयात्रा, राष्ट्र चिंतन यात्रा संवाद, युवा संवाद, छात्र प्रतियोगिता तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रमों को 5 नवंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि पदयात्रा नवंबर में आयोजित करने की तैयारी है। बैठक में जिला महामंत्री शुभम राज मिठ्ठु, जय प्रकाश केसरी, मुन्नी चन्द्रवंशी, नागेन्द्र मेहता एवं कृष्णा गुप्ता, रवि शेखर एवं मनोज पासवान, महेन्द्र कुमार, सन्नी सिंह, शंभू पासवान, विनोद शर्मा, पुनम गुप्ता, पुनम कुमारी, श्रीकांत शर्मा, मुकेश कुमार, रिजु साव, राजीव रंजन कुमार, निरंजन कुमार, कौशलेंद्र पांडेय, रणधीर कुमार, सुनील पासवान, अशोक सिंह सहित सभी मंडल अध्यक्ष, जहानाबाद विधानसभा संयोजक ब्रजेश कुमार, घोषी विधानसभा संयोजक कृष्ण मुरारी जिला टोली के सदस्य गोपाल कुमार, नेहा कुमारी सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

रघुनाथपुर में पांच दिवसीय अखंड कीर्तन की पूर्णाहुति

हुलासगंज। प्रखंड क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में हुलासगंज स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर के पूर्व मठाधीश दिवंगत स्वामी रंग रामानुजाचार्य जी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित पांच दिवसीय अखंड कीर्तन की पूर्णाहुति सोमवार को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ संपन्न हुई। इस धार्मिक आयोजन का संचालन रघुनाथपुर गांव निवासी परशुराम शर्मा की ओर से कराया गया। पांच दिनों तक चले अखंड कीर्तन के दौरान गांव में भक्तिमय माहौल बना रहा। आयोजन के दौरान प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई थी। वहीं, अखंड कीर्तन की पूर्णाहुति के अवसर पर वृहद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के माध्यम से ग्रामीणों ने दिवंगत स्वामी रंग रामानुजाचार्य जी महाराज को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया।

पूर्व मध्य रेल
खुली ई-निविदा सूचना
दानापुर मंडल .डी .आर .टी./विद्युत
सूचना सं.– 10/टी.आर.डी./डी.एन.आर./ओ.टी./26–27
मंडल रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदा संख्याः टी.आर.डी./डी.एन.आर./ओ.टी./10/26–27
1. कार्य का नाम एवं स्थानः रघुनाथपुर और ट्विनिंग गंज सेक्शन के बीच, लोकेशन 628/33–35 पर LC-59 B को स्थानांतरित करना, इसमें प्रस्तावित ROB के बदले एक अस्थायी LC गेट की व्यवस्था करना भी शामिल है, का निविदा कार्य। 2. कार्य की अनुमानित लागत (एन.आई.टी. मूल्यः रु. 32,30,644.94/– 3.अग्रधन राशिः रु. 64,600.00/– 4. निविदा खुलने एवं जमा करने कि तारीख और समयः निविदा ऑनलाइन जमा करने की तिथि और समयः 20.11.2026 दोपहर 12:00 बजे से पहले। 5. वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है और कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है, आदिः विस्तृत निविदा सूचना, पात्रता मानदंड और निविदा दस्तावेज सी.आर.आई.एस वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर देखे जा सकते हैं और नोटिस का पूरा विवरण सीनियर डी.ई.ई. (टी.आर.डी)/पूर्व मध्य रेलवे/दानापुर के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। यदि आवश्यक हुआ तो सभी शुद्धिपत्र वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।
मंडल रेल प्रबंधक,पूर्व मध्य रेल, दानापुर
पीआर/1182/डीएनआर/टीआरडी/टी/26–27/40